GCPL/SBZ/EDD-BIJNOR-2/COMPLAINT/L.NO.-2509195 19-09-2025

सेवा में, <u>**पंजीकृत डाक/ई-मेल/वाट्सएप द्वारा प्रेषित।**</u>

अधिशासी अभियंता महोदय,
पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड
विद्युत वितरण खंड बिजनौर-द्वितीय
बिजनौर
जनपद-बिजनौर
उत्तर प्रदेश-246701
EEEDD2BIJNOR@PVVNL.ORG

विषय - हमारे कंपनी के द्वारा प्रस्तुत चलित मासिक बीजको के भुगतान से अकारण कटौती कर रोकीगई धनराशि का भुगतान करने हेतु अनेको बार अनुरोध करने के बाद भी आज दिनांक तक भुगतान प्राप्त न होने के सम्बन्ध में।

महोदय,

हमारी कम्पनी द्वारा इस खण्ड के अधीन आने वाले समस्त 33/11 के० वि० विधुत उपकेंद्रों पर अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु निविदा कर्मियों की आपूर्ति का कार्य किया गया है | आपूर्तित कर्मियों के समस्त देयो का भुगतान करने के उपरांत हमारे द्वारा खण्ड कार्यालय को भुगतान प्राप्त हेतु चलित मासिक बीजक ससमय प्रस्तुत किया गया | परन्तु खण्ड कार्यालय द्वारा हमारे बीजको से भुगतान के समय कटौती कर भुगतान किया गया, जिसकी सुचना खण्ड को अनेको बार टेलीफोनिक, मौखिक एवं लिखित रूप से दी गई | परन्तु हमारे चलित मासिक बीजको से की गई कटौती का भुगतान अभी तक अप्राप्त है, जो की कुल रुपये, जो की कुल रुपये, 5073175.00 (पचास लाख तिहत्तर हज़ार एक सौ पचहत्तर रुपए मात्र) होती है, जिसका पूर्ण विवरण पत्र के साथ संलग्न है | भुगतान लंबित होने के कारण कम्पनी को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है | यदि आपके द्वारा बकाये धनराशि का भुगतान यथाशीघ्र नहीं किया जाता है, तो किसी प्रकार के वित्तीय अधिभार एवं वैधानिक कार्यवाही की जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी |.

अतः आप महोदय से विनम्र अनुरोध है की हमारे प्रस्तुत चलित मासिक बीजको से कटौती की गई धनराशि का भुगतान यथाशीघ्र कराने का कष्ट करे जिससे की किसी भी वित्तीय अधिभार एवं वैधानिक कार्यवाही का सामना न करना पड़े |

संलग्नक -

1. उपरोक्त हेतु पूर्व मे प्रेषित पत्र संख्या 2503042 दिनांक 14-04-25 की प्रति।
2. उपरोक्त हेतु पूर्व मे प्रेषित पत्र संख्या 2504242 दिनांक 24-04-25 की प्रति।
3. खंड कार्यालय के द्वारा चलित मासिक बीजको से की गई कटौती का विवरण।

भवदीय

मोहित कुमार
सर्किल अधिकारी

<u>**प्रतिलिपि** - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पंजीकृत डाक/ई-मेल/वाट्सएप द्वारा प्रेषित।</u>

1. प्रबंध निदेशक महोदय, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० विटोरिया पार्क मेरठ |
2. निदेशक (कार्मि० एवं प्रशा०) पश्चिमांचल विद्युत वितरण नि० लि० विटोरिया पार्क मेरठ |
3. वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० विटोरिया पार्क मेरठ |
4. मुख्य अभियंता (वितरण) गजरौला क्षेत्र, गजरौला को ईमेल द्वारा प्रेषित |
5. अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल-बिजनौर को ईमेल द्वारा प्रेषित |

भवदीय

मोहित कुमार
सर्किल अधिकारी